## महत्वपूर्ण एवं खास

### जिले में 324.6 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज

**रायगढ़।** चालू वर्षा मौसम में रायगढ़ जिले में 16 जुलाई तक 324.6 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटे में जिले में 2 मिली मीटर औसत वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले के रायगढ़ तहसील में 375.5 मिली मीटर, पुसौर में 386.3, खरसिया में 278.3, घरघोड़ा में 350.1, तमनार में 265.9, लैलूंगा में 285.6, मुकडेगा में 356.9, धरमजयगढ़ में 256, छाल में 341.7 एवं कापू में 349.5 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है।

### जुनवानी में 17 जुलाई को होगा राजस्व शिविर

**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** बिलाईगढ़ राजस्व अनुविभाग अंतर्गत भटगांव तहसील के ग्राम जुनवानी में 17 जुलाई को राजस्व शिविर का आयोजन किया जाएगा। जुनवानी के शिविर में ग्राम देवरहा, नवापारा, खपरीडीह, हरदी और जुनवानी के विद्यार्थी, नागरिक और किसान राजस्व शिविर में उपस्थित पंचायत सचिव, पटवारी, राजस्व निरीक्षक, तहसीलदार के समक्ष आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। साथ ही कोटवार शिविर के दिन की सूचना मुनादी के माध्यम से गांवों में देंगे। राजस्व कार्यों जैसे बी-1 नकल, खसरा, फौती नामांतरण, खाता विभाजन, डायवर्सन, सीमांकन, बटांकन, अभिलेख शुद्धता, भूअर्जन, प्राकृतिक आपदा आदि के सभी आवेदन स्वीकार किए जाएंगे। मैदानी कार्य जिसमें संबंधित किसान के खेतों में जाकर नाप-जोख करना होगा उनको छोड़कर अन्य सभी कार्य जैसे खसरा शुद्धिकरण, आय, जाति, निवास, केसीसी फार्म, डिजिटल सिग्नेचर आदि कार्य में पटवारी, राजस्व निरीक्षक, तहसीलदार से संबंधित सभी कार्य शिविर में ही संपन्न होगा।

### बिरनीपाली में 17 जुलाई को होगा राजस्व शिविर

**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** सारंगढ़ राजस्व अनुविभाग अंतर्गत बरमकेला तहसील के ग्राम पंचायत बिरनीपाली में 17 जुलाई 2024 को राजस्व शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसमें ग्राम झाल, लिमपाली, बनवासपाली, सेमरापाली, जिरापाली, जामदलखा, पतेरापाली, बिर्नीपाली, परधियापाली, भालुपानी, खैरट, सहजबहाल, भराली, गौरडीह, परसकोल और रंगाडीह के नागरिक, विद्यार्थी और किसान राजस्व शिविर में उपस्थित पंचायत सचिव, पटवारी, राजस्व निरीक्षक, तहसीलदार, एसडीएम के समक्ष आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। साथ ही कोटवार शिविर के दिन की सूचना मुनादी के माध्यम से गांवों में देंगे। राजस्व कार्यों जैसे बी-1 नकल, खसरा, फौती नामांतरण, खाता विभाजन, डायवर्सन, सीमांकन, बटांकन, अभिलेख शुद्धता, भूअर्जन, प्राकृतिक आपदा आदि के सभी आवेदन स्वीकार किए जाएंगे। मैदानी कार्य जिसमें संबंधित किसान के खेतों में जाकर नाप-जोख करना होगा उनको छोड़कर अन्य सभी कार्य जैसे खसरा शुद्धिकरण, आय, जाति, निवास, केसीसी फार्म, डिजिटल सिग्नेचर आदि कार्य में पटवारी, राजस्व निरीक्षक, तहसीलदार से संबंधित सभी कार्य शिविर में ही संपन्न होगा।

### बोर्ड पूरक परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र जारी

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल की हाईस्कूल एवं हायर सेकण्डरी द्वितीय मुख्य/अवसर परीक्षा 2024 के प्रवेश पत्र मंडल की वेबसाइट एवं संबंधित संस्था के पोर्टल में अपलोड कर दिया गया है। मंडल द्वारा जारी पत्र में निर्देशित किया गया है कि संबंधित संस्था अपने संस्था से अग्रेषित परीक्षार्थियों के प्रवेश-पत्र पोर्टल से डाउनलोड कर परीक्षा में सम्मिलित होने वाले विषयों को अनिवार्य रूप से मिलान कर ले। यदि किसी प्रकार की त्रुटि हो, तो इसकी सूचना तत्काल मण्डल कार्यालय को देने का निर्देश दिया गया है। मंडल के उप सचिव द्वारा बताया गया कि हाईस्कूल एवं हायर सेकण्डरी द्वितीय मुख्य /अवसर परीक्षा 2024 के मूल प्रवेश पत्र 20 जुलाई 2024 को जिले के समन्वय संस्था से वितरित किया जायेगा।

# 25 टन सरिया लूटपाट मामले में रायगढ़ पुलिस ने झारखंड व ओड़िसा में दबिश देकर 3 आरोपियों को दबोचा

- धरमजयगढ़ पुलिस और साइबर सेल की टीम ने लूटपाट के साजिशकर्ता और सरिया खरीदने वाले हार्डवेयर व्यवसायी को पकड़ा
- आरोपियों से 21 टन सरिया, लूट में प्रयुक्त कार, ट्रैक्टर, 2 बाइक, 3 मोबाइल, नकदी रुपए समेत करीब 30 लाख रुपए की मशरूका जब्त
- फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए अलग-अलग टीमें दे रही दबिश

**रायगढ़**

पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल द्वारा संपत्ति संबंधी अपराधों में माल-मुल्जिम की पतासाजी के दिए गए निर्देशों पर साइबर सेल और धरमजयगढ़ पुलिस की टीम को ट्रक ड्राइवर से 25 टन टीएमटी सरिया लूटपाट मामले में अभूतपूर्व सफलता हाथ लगी है।



पुलिस टीम द्वारा ट्रक ड्राइवर से हुई लूटपाट में शामिल मुख्य साजिशकर्ता उसके एक साथी और चोरी की संपत्ति के खरीदार हार्डवेयर व्यवसायी को गिरफ्तार किया गया है जिनसे लूट का 21 टन सरिया घटना में प्रयुक्त ट्रैक्टर, ऑल्टो कार, 02 मोटरसाइकिल, 03 मोबाइल और लूटपाट में बंटवारे की रकम करीब रु.5000 बरामद किया गया है। आरोपियों को डकैती के अपराध में धरमजयगढ़ पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है।

थाना धरमजयगढ़ में दर्ज अपराध -

घटना को लेकर दिनांक 23.06.2024 को ग्राम सराईपाली गेरवानी स्थित रूपानाधाम स्टील प्रा0लि0 कंपनी पूंजीपथरा के एचआरए डिपार्टमेंट के अभिषेक उपाध्याय (उम्र 21 वर्ष) ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 22/06/2024 को स्टील प्लांट से ट्रक क्रमांक CG 15 AC-1490 में चालक मुजाहिद खान सरिया 8mm,10mm, 12mm मारूती टीएमटी कुल वजन 25 टन 50 kg लोड कर रमानुजनगर, सूरजपुर के लिए रवाना किया गया था। अंतिम बार ड्रायवर ने धरमजयगढ सिसरिंगा घाटी पहुंचना बताया था जिसके बाद उसका मोबाइल स्वीच ऑफ आया। उक्त ट्रक में लोड सरिया के लूट की रिपोर्ट पर अप.क्र 169/2024 अज्ञात व्यक्ति के विरूद्ध पंजीबद्ध कर अनुसंधान में लिया गया।

पुलिस टीम की जांच पड़ताल और दबिश-

थाना प्रभारी धरमजयगढ़ द्वारा ट्रक ड्रायवर के मुजाहिद खान और खलासी से पूछताछ कर बयान ली जिसमें उन्होंने बताया कि घटना दिनांक 22 जून को धरमजयगढ़ सिसरिंगा घाट के चार कि.मी. पहले चार अज्ञात व्यक्तियों के द्वारा अपनी कार को ट्रक के आगे अडा कर ट्रक से ड्रायवर को उतार कर मारपीट करते हुये उसके मोबाईल को छीन कर फेंक दिये मारते-पीटते अपने साथ काला कलर के कार में हाथ, आंख में पट्टी बांधकर ले गये और सरिया से भरा ट्रक को लूट पीछे-पीछे लाये। आरोपियों द्वारा लगातार 4-5 घण्टा चलने के बाद एक सुनसान जंगल में कमरे में बंधक बनाकर दिनभर रखे रहे और 23 जून की रात्रि करीब 09:15 बजे करमडीह उडीसा में रोड किनारे उनके आंखो में पट्टी बांधकर छोडे कुछ देर बाद लूट हुआ खाली ट्रक क्रमांक CG 15 AC-1490 को लेकर आये और भाग जाओ वरना मारकर फेंक देगे कहकर धमकी देकर भाग गये।

प्रकरण की गंभीरता पर एसपी दिव्यांग पटेल द्वारा अति. पुलिस अधीक्षक ग्रामीण रामगोपाल करियरे के निर्देशन में साइबर डीएसपी अभिनव उपाध्याय के नेतृत्व में डीएसपी सिद्धांत तिवारी, टीआई धरमजयगढ़ कमला पुसाम और साइबर सेल की टीम बनाकर शीघ्र माल मुल्जिम पतासाजी के संबंध में निर्देश दिये। टीआई कमला पुसाम द्वारा ट्रक ड्रायवर के बताये तथ्यों को ध्यान में रखकर थाना में पूर्व में घटित अपराधों और इस लूटपाट के आरोपियों के तरीका-ए-वारदात का एनालिसिस की जिसमें उन्हें संदेही लोकेश यादव के इस प्रकार लूटपाट में शामिल होने की जानकारी मिली। जिसकी पुष्टि मुखबीरों से हुआ। घटना दिनांक को आरोपी लोकेश यादव उसके साथी आरोपी रूपेश यादव के साथ था। इस बड़ी लीड पर आगे बढ़ते हुए डीएसपी अभिनव और उनकी टीम द्वारा आरोपियों की धरपकड़ के लिये ओड़िसा के सुन्दरगढ और झारखंड के सिमडेगा में दबिश दिया गया और आरोपी रूपेश यादव निवासी लस्सीअम्बा थाना तपकरा जशपुर को पकड़ा गया।

आरोपी रूपेश यादव ने बताया कि उसने अपने दोस्त लोकेश यादव, दीपू यादव, राजू यादव के साथ मिलकर 22 जून को घरघोडा के साहू होटल में बैठकर चारों योजना बनाये कि सरिया वाला ट्रक कोई भी गुजरेगा को उसे लूटपाट कर ले जायेंगें और पूरी प्लानिंग के साथ घटना को अंजाम दिये। लूटा हुआ 25 टन सरिया को ग्राम बनडेगा में पूर्व से तैयारी में रहे उनके मोम्मद मिस्टर जिन्हा खान, द्वारा लूटे गये सरिया को ट्रेक्टर से खाली करवाकर तलसरा उडीसा के छड, सीमेंट हार्डवेयर का व्यवसायी गणेश गुप्ता को 6,50,000 रू में सरिया को बेच दिये। उक्त सरिया को उसके घर मे रखा मिला जिसे विधिवत जप्ती करते हुये थाना लाया गया। प्रकरण में साक्ष्य अनुरूप धारा 395, 397, 365,120B,412, आर्म्स एक्ट 25, 27 आईपीसी जोडा गया है।

अबतक गिरफ्तार किये गये आरोपी -

01- रूपेश यादव पिता खीरोधर यादव उम्र 23 वर्ष ग्राम मकरीबंधा थाना तपकरा जिला जशपुर

02- मोहम्मद मिस्टर जिन्हा पिता शेख जमील हुसैन उम्र 32 साकिन बनडेगा थाना तलतरा सुन्दरगढ

03- गणेश गुप्ता पिता गौरी शंकर गुप्ता निवासी सागबहाल थाना थाना तलतरा सुन्दरगढ़

जब्त मशरूका -

(1) लगभग 21 टन सरिया मारूति टीएमटी, कीमती 18 लाख।

(2) मारूति अल्टो कार क्रमांक JH 01 BV 3739 काला कलर, कीमती 06 लाख।

(3) ट्रेक्टर, कीमती 06 लाख रूपये।

(4) दो बाइक कीमती 01 लाख रूपये। (5) 03 नग मोबाईल, कीमती 45 हजार रूपये। (6)नकदी रकम 5 हजार रूपये।

कुल जुमला – लगभग 31 लाख रूपये।

## चक्रधर समारोह: कलाकार चयन के संबंध में समिति की हुई बैठक

**रायगढ़**

39 वें चक्रधर समारोह के सफल आयोजन को लेकर आज शाम कलेक्टोरेट सभाकक्ष में पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल की अध्यक्षता और राज्यसभा सांसद देवेन्द्र प्रताप सिंह की विशिष्ट उपस्थिति में कलाकार चयन समिति की बैठक आयोजित हुई। इस अवसर पर अपर कलेक्टर राजीव कुमार पाण्डेय सहित समिति के सदस्य उपस्थित रहे।



सांसद देवेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि चक्रधर समारोह का उद्देश्य रायगढ़ घराने को प्रोत्साहित करना एवं नये कलाकारों को अवसर प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि चक्रधर समारोह के आयोजन से देशभर में रायगढ़ की एक विशिष्ट पहचान बनी हुई है। इसलिए इस आयोजन की भव्यता का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने कहा कि चक्रधर समारोह से लोग शास्त्रीय संगीत एवं नृत्य को पसंद कर रहे है। इसलिए समारोह में स्थानीय कलाकारों को भी मंच प्रदान किया जाए। इस दौरान कलाकार चयन समिति के सदस्यों ने कलाकारों के चयन संबंध में अपने प्रस्ताव रखे।

इस अवसर पर प्रतिनिधि संस्कृति विभाग रायपुर युगल तिवारी, उर्वशी देवी सिंह, प्रिंसेस विजयश्री देवी सिंह, बासंती वैष्णव, भूपेन्द्र बरेठ, देवेश शर्मा, डिप्टी कलेक्टर महेश शर्मा, वरिष्ठ कोषालय अधिकारी ज्योति सिंह, डिप्टी कलेक्टर समीर बड़ा, सुनील तिवारी, पवन यादव, प्रो. अम्बिका वर्मा, नटवर सिंघानिया उपस्थित रहे।

## अपर कलेक्टर पाण्डेय ने किया गोवर्धनपुर पुल का निरीक्षण

- पुल के मरम्मत और भारी वाहनों के यातायात के लिए वैकल्पिक मार्ग हेतु दिये निर्देश

**रायगढ़**

कलेक्टर कार्तिकेया गोयल के निर्देशन में अपर कलेक्टर राजीव कुमार पाण्डेय ने आज गोवर्धनपुर पुल का निरीक्षण किया। इस दौरान एडिशनल एस.पी.श्री आकाश मरकाम, आयुक्त नगर निगम सुनील कुमार चंद्रवशी एवं तहसीलदार लोमस मिरी उपस्थित रहे।



अपर कलेक्टर पाण्डेय ने कहा कि भारी वाहनों के परिवहन के लिए यह पुल उपयुक्त नहीं है। उन्होंने ईई पीडब्ल्यूडी सेतु को क्षतिग्रस्त हिस्से पर लाल झंडी, रेत बोरियां, रेडियम एवं बेरीकेटिंग तत्काल लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने पुल का मरम्मत कार्य तत्काल प्रारंभ करने और वाहनों के मरम्मत कार्य के दौरान भारी वाहनों के परिवहन हेतु अन्य वैकल्पिक मार्ग की चिन्हांकित करने हेतु एसडीएम रायगढ़ और डीएसपी ट्रैफिक को निर्देशित किया गया।

अपर कलेक्टर पाण्डेय ने आयुक्त नगर निगम को पुल में स्थित अमृत मिशन के वाटर पाइप हटाने हेतु प्राक्कलन तैयार कराने के निर्देश दिए ताकि पुल की आवश्यक मरम्मत सुनिश्चित हो सके। उल्लेखनीय है कि वर्तमान में इस पुल पर प्रतिदिन 700 से अधिक भारी वाहनों की आवाजाही बनी रहती है, जिससे दुर्घटना की आशंका को देखते हुए आज जिला प्रशासन द्वारा यहां निरीक्षण कर भारी वाहनों के वैकल्पिक रूट के प्रचार-प्रसार हेतु कार्यवाही किया गया। तहसीलदार मिरी ने वैकल्पिक मार्ग के संबंध के बताया कि वाहनों के लिए एनएच से बाबा धाम के पास वाले ओवर ब्रिज से उर्दना चौक से पूंजीपथरा से तमनार से ग्राम संबलपुरी रोड भारी वाहनों का आवागमन किया जाना उचित होगा। इस अवसर पर पीडब्ल्यूडी ईई सेतु रमेश कुमार वर्मा, एसडीओपी पीडब्ल्यूडी सेतु एन.आर.भगत, आर.बी.भगत एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## खरसिया पुलिस ने मोबाइल और रुपए लूटपाट करने वाले अपचारी बालक समेत 3 आरोपियों को किया गिरफ्तार

- आरोपियों से 2,500 रुपए नकद, लूट में प्रयुक्त बाइक और स्कूटी जब्त, आरोपियों को भेजा गया रिमांड पर

**रायगढ़**

दिनांक 15/07/2024 को थाना खरसिया में ग्राम कुकरीचोली में रहने वाले रोहित राठिया (उम्र 34 वर्ष) द्वारा नवरंगपुर चौक ग्राम गुरदा में चार लड़कों द्वारा मोबाइल और 6000 रूपये की लूटपाट करने के संबंध में रिपोर्ट दर्ज कराया। रिपोर्टकर्ता ने बताया कि दिनांक 15/07/2024 को अपने चचेरा भाई भोला राम राठिया के साथ मोटर सायकल से धान बीज व आधार कार्ड लेने मदनपुर खरसिया जा रहे थे। दोपहर करीब 12/00 बजे नवरंगपुर चौक के पास एक स्कूटी व एक मोटर सायकल CD डिलक्स में 3-4 व्यक्ति खड़े थे। वे



लड़के मोटर सायकल के पास आये और भोला राम राठिया को मारपीट कर उसके मोबाईल रेडमी C 55 को लुट लिये जिसके बाद एक लड़का धारदार हथियार निकाल कर इसका मोबाईल को लूटने लगा और डरा धमका कर हाथ से रेडमी सेकेण्ड हैण्ड मोबाईल और पाकेट में रखे 6000/- रूपये को लुट कर मोटर सायकल, स्कूटी से भाग गये। थाना खरसिया में अज्ञात आरोपियों पर अपराध क्रमांक 433/2024 धारा 309(6), 3(5) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर माल मुल्जिम की पतासाजी में लिया गया।

घटना को गंभीरता से लेते हुए थाना प्रभारी खरसिया निरीक्षक कुमार गौरव साहू एवं स्टाफ द्वारा रिपोर्टकर्ता रोहित राठिया और उसके चचेरे भाई भोला राम राठिया से संदेहियों के संबंध में पूछताछ कर घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज चेक कर तत्काल पुलिस टीम द्वारा संदेही हरिओम वर्मा निवासी हमलापारा खरसिया को हिरासत में लिया गया जिससे कड़ी पूछताछ करने पर अपने साथी मुकेश यादव और दो अन्य किशोर बालक के साथ मिलकर लूटपाट करना बताया। आरोपी मुकेश यादव के मेमोरेंडम पर घटना में प्रयुक्त चाकू, नकदी रकम रु.500, आरोपी हरिओम वर्मा से घटना से प्रयुक्त मोटरसाइकिल सीडी डीलक्स और लूट रकम से रु.1000 तथा विधि के साथ संघर्षरत बालक के कब्जे से घटना में प्रयुक्त स्कूटी एवं रु.1000 की जप्ती की गई है। आरोपियों का एक साथी फरार है। गिरफ्तार आरोपी - हरिओम वर्मा पिता कैलाश वर्मा, मुकेश यादव पिता ललित यादव दोनों निवासी हमालपारा चौकी खरसिया को जेएमएफसी खरसिया एवं विधि के साथ संघर्ष बालक को किशोर न्याय बोर्ड रायगढ़ न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

पुलिस दिव्यांग पटेल के दिशा निर्देशन एवं अति. पुलिस अधीक्षक रायगढ़ (ग्रामीण) रामगोपाल करियरे व एसडीओपी खरसिया के मार्गदशर्न में तत्काल आरोपियों की पतासाजी, गिरफ्तारी की कार्यवाही में थाना प्रभारी खरसिया निरीक्षक कुमार गौरव साहू, सहायक उप निरीक्षक लक्ष्मी राठौर, प्रधान आरक्षक जगेश्वर दिग्रस्कर, आरक्षक विशोष सिंह एवं हमराह स्टाफ की

## घर पर प्लास्टिक पाऊच महुआ शराब बेच रहा युवक गिरफ्तार, आरोपी से 22 लीटर महुआ शराब जब्त

**रायगढ़**

दिनांक 15.07.2024 को पूंजीपथरा पुलिस द्वारा मुखबीर सूचना पर इंदिराआवास तुमीडीह में भरत सागर के मकान पर दबिश दिया गया। पुलिस को सूचना मिली थी कि भरत सागर अपने घर में भारी मात्रा में महुआ शराब बिक्री हेतु रखा है। रेड दौरान घर में मिले भरत सागर को शराब बेचने के संबंध में कड़ाई से पूछताछ करने पर शराब बिक्री करना स्वीकार किया जिसके कब्जे से 250-250 एम एल 39 नग पन्नी पाउच एवं 500- 500 एम एल 18 नग पन्नी पाउच शराब तथा एक पीला रंग के प्लास्टिक डिब्बा में करीब 04 लीटर महुआ शराब जुमला 22 लीटर कीमती रु.2,200 का जप्त किया गया है। आरोपी भरत सागर पिता शत्रुघन सागर उम्र 34 वर्ष निवासी इंदिराआवास तुमीडीह थाना पूंजीपथरा जिला रायगढ़ के कृत्य पर थाना पूंजीपथरा में धारा 34(2),59(क) आबकारी एक्ट की कार्रवाई की गई है। शराब रेड कार्यवाही में प्रधान आरक्षक विनीत तिर्की, आरक्षक बालचंद राव, धर्मेन्द्र सिंह और अभिषेक द्विवेदी शामिल थे।

## मुख्यमंत्री कन्या विवाह: 45 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे

**रायगढ़**

कलेक्टर कार्तिकेया गोयल के मार्गदर्शन में आज 45 जोड़ों का विवाह रायगढ़ में सम्पन्न हुआ। विवाह में रायगढ़ शहरी, रायगढ़ ग्रामीण तथा पुसौर विकासखण्ड के जोड़े सम्मिलित हुए। गायत्री परिवार द्वारा पारंपरिक रीति से विधिवत विवाह कराया गया। मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष निराकार पटेल एवं शोभा शर्मा उपस्थित हुए।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष निराकार पटेल ने कहा कि यह योजना बहुत ही महत्वपूर्ण है, जिससे गरीब कन्याओं की विवाह में सहायता मिलती है तथा बाल विवाह एवं दहेज प्रथा रूकती है। शोभा शर्मा ने मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत लाभान्वित जोड़ो को आशीर्वाद देते हुए आने वाले समय में अधिक से अधिक जोड़ो को लाभ देने कहा गया।

विवाह के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष पटेल ने प्रत्येक जोड़े को टिकावन दिया। इसी तरह शासन की ओर से प्रत्येक जोड़े को कन्या के नाम से 35 हजार रूपये की राशि उनके बैंक खाते में अंतरित की गई। उपहार के रूप में बैग, श्रृंगार सामाग्री, कपड़े इत्यादि वर-वधु को दिया गया तथा जोड़ों को विवाह प्रमाण पत्र दिया गया। कार्यक्रम में एसडीएम रायगढ़, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास रायगढ़, परियोजना अधिकारी पुसौर, पार्षद सपना सिदार, पर्यवेक्षक एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता/ सहायिका तथा बड़ी संख्या में विवाह में सम्मिलित होने वाले जोड़ों के परिवार उपस्थित थे।

## कृषकों के केसीसी प्रकरण में लाए तेजी-एडीएम जांगड़े : नियम विरूद्ध चलने वाले वाहनों पर करें कार्यवाही

- जन शिकायत से संबंधित आवेदनों का तत्थयात्मक एवं उच्च गुणवत्तापूर्ण निराकरण के दिए निर्देश
- समय-सीमा की बैठक आयोजित

**रायगढ़**

कलेक्टर कार्तिकेया गोयल के निर्देशन में आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में एडीएम संतन देवी जांगड़े ने समय-सीमा की बैठक ली। इस अवसर पर डीएफओ रायगढ़ स्टायलो मंडावी, अपर कलेक्टर राजीव कुमार पाण्डेय, आयुक्त नगर निगम सुनील चंद्रवंशी सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।



एडीएम संतन देवी जांगडे ने कृषि, उद्यानिकी एवं मत्स्य पालन के केसीसी प्रकरणों के प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी विभाग केसीसी निर्माण में आवश्यक प्रगति लाए। उन्होंने कृषि, मत्स्य व उद्यानिकी विभाग द्वारा विभागीय स्तर एवं बैंक में लंबित प्रकरणों को अतिशीघ्र निराकृत करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने बैंको में आवेदनों के रिजेक्ट होने के कारण स्पष्ट करने के निर्देश अपेक्स बैंक को दिए ताकि किसानों के आवेदनों में किसी प्रकार की गलती ना हो। इसी प्रकार उद्यानिकी विभाग द्वारा पॉम आयल क्षेत्राविस्तार हेतु भूमि चिन्हांकन के संबंध में जानकारी ली। विभागीय अधिकारी ने बताया कि सभी विकासखंड से भूमि चिन्हांकन कर वृक्षारोपण का कार्य किया जा रहा है। इस दौरान उन्होंने जिले में खाद की उपलब्धता की समीक्षा की। उन्होने एसडीएम एवं तहसीलदार को निर्देशित किया कि खाद की कमी होने पर त्वरित उसकी जानकारी उपलब्ध कराए, ताकि उन स्थानों में खाद प्राथमिकता के साथ भेजा जा सके।

एडीएम जांगड़े ने खनिज विभाग द्वारा किए गए कार्यवाही की समीक्षा करते हुए अवैध उत्खनन व परिवहन पर नियमित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने खनिज, पर्यावरण व परिवहन विभाग को संयुक्त रूप से वाहनों की नियमित जांच व बिना तारपोलिन ढंके चल रहे गाडियों पर सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने शासन से जारी पत्र के अनुसार विभागों द्वारा निलंबित व लम्बे समय से अनुपस्थित कर्मचारियों पर की गई कार्यवाही की जानकारी तैयार कर प्रस्तुत करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के कार्यो की समीक्षा करते हुए आयुष्मान कार्ड में प्रगति लाने के निर्देश। अपर कलेक्टर जांगडे ने निगम एवं पीएचई के वाटर टैंक सफाई की स्थिति भी समीक्षा करते हुए अतिशीघ्र सफाई कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।

अपर कलेक्टर राजीव कुमार पाण्डेय ने सीएम व कलेक्टर जनदर्शन तथा जन शिकायत में प्राप्त आवेदनों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को विभागों में प्राप्त आवेदनों के तत्थयात्मक एवं उच्च गुणवत्तापूर्ण निराकरण के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने लोक सेवा गारंटी के तहत विभागों में प्राप्त आवेदनों के निराकरण निर्धारित समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480